## खबर संक्षेप

### बिछुआ उत्कृष्ट विद्यालय में गीता महोत्सव का हुआ आयोजन

**बिछुआ।** विकासखंड के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में गीता महोत्सव का विधिवत आयोजन हुआ। गीता महोत्सव के कार्यक्रम में नगर पंचायत सीएमओ आशीष मरावी, जनपद पंचायत सीईओ गौरव तिवारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मीकांत मिश्रा, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य विजय कुमार पाडोले, कन्या स्कूल प्राचार्य गणेश घागरे, विशिष्ट अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष रामचंद्र बोबड़े, भाजपा जिला मंत्री लक्ष्मीकांत गोलू नागरे,मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े, पार्षद झीटो बाई धुर्वे, कीर्ति राजेंद्र करमेले, जीवन सिंह रघुवंशी समेत स्कूली विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम में भगवत गीता के 15 वें अध्याय का सस्वर वाचन किया गया। भगवत गीता के 15 अध्याय की सप्रसंग व्याख्या पश्चात गीता आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### कॉल सेंटर का सिंगोड़ी के बच्चों ने किया भ्रमण

**सिंगोड़ी** ।शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगोड़ी के व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने आज व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत कॉल सेंटर छिंदवाड़ा का शैक्षणिक भ्रमण किया जिसमें छात्र-छात्राओं ने रोजगार से संबंधित जानकारी को प्राप्त कर आने वाले निकट भविष्य के अवसर को कैसे प्राप्त करना है के बारे में सीखा एवं विशेष जानकारी प्राप्त की शैक्षणिक भ्रमण के संबंध में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी संदीप हिडाऊ एवं व्यवसायिक प्रशिक्षक सोनल जैन एवं राम अवतार वर्मा प्राचार्य बी एस शीलू सर के मार्गदर्शन में भ्रमण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई संस्था के वरिष्ठ शिक्षक संजय सिन्हा, एन,के साहू, प्रीति यदुवंशी, राजकुमार डेहरिया एवं समस्त स्टाफ का मुख्य रूप से विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### घर की छत से कुएं में गिरा 14 साल का लड़का, 23 घंटे बाद बड़ी मुश्किल से शव को बाहर निकाल पाई SDERF

# 23 घंटे बाद मिला सार्थक का शव, माँ से नाराज होकर कुएं में कूदा था नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

छिंदवाड़ा में रविवार को 14 साल का एक लड़का कुएं में गिर गया था. लड़के के शव को बाहर निकालने के लिए प्रशासन को पसीना छूट गया। करीब 23 घंटे बाद एसडीईआरएफ की टीम नाबालिग सार्थक के शव को बाहर निकाल पाई है. बताया जा रहा है कि कुएं में बहुत ज्यादा पानी था. जिससे के चलते टीम को शव निकालने में परेशानी आ रही थी। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी छिंदवाड़ा के न्यू बजरंग नगर के कुएं से बच्चे को निकाला नहीं जा सका है, कुएं में पानी इतना अधिक है कम से जितना खाली किया जा रहा है उतना ही पानी वापस आ रहा है

### रविवार सुबह से चल रहा रेस्क्यू ऑपरेशन

देहात थाना टीआई गोविंद सिंह राजपूत ने बताया ₹सूचना मिली थी की न्यू बजरंग नगर में घर के पास बने कुएं में एक 14 साल का बच्चा गिर गया है. जिसके बाद एसडीईआरएफ की टीम के साथ प्रशासन तुरंत मौके पर पहुंचा. एसडीईआरएफ की टीम ने कुएं में पानी ज्यादा होने की वजह से पहले पानी खाली करवाया, लेकिन जितना पानी खाली हो रहा था, उतना ही पानी लगातार वापस भी आ रहा था. रात भर की मशक्कत के बाद भी पानी खाली नहीं हो पाया था।



### क्रेन में चारपाई बांधकर उतरी टीम

सोमवार सुबह पानी कुछ कम हुआ, तो रेस्क्यू टीम ने क्रेन बुलाकर क्रेन में एक चारपाई बांधी. उस चरपाई से बचाव दल के कर्मी कुएं के अंदर पहुंचे. जहां कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे का शव बाहर निकाला गया.₹ मामले में प्लाटून कमांडर गणेश कुमार धुर्वे एसडीईआरएफ ने बताया कि ₹करीब 23 घंटे के रेस्क्यू के बाद बच्चे की बॉडी कुएं से निकाली जा चुकी है. उन्हें उम्मीद थी कि कुएं में पानी कम है, लेकिन पानी लगातार बढ़ रहा था. पहले कुंए की सफाई की गई, उसके बाद तीन पंपों के जरिए पानी खाली कराया गया, लेकिन पानी कम ही नहीं हो रहा था. सोमवार को सुबह टीम ने क्रेन बुलाया और फिर चारपाई बनाकर बच्चे को निकाला गया. अभी कारण स्पष्ट नहीं है कि वह है किन कारणों से कुएं में गिरा, लेकिन पड़ोसियों ने बताया है कि बच्चा और मां के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था।

### मां-बेटे अकेले रहते थे

बताया जा रहा है की मां और बेटे दोनों अकेले घर में रहते थे. बेटे के पिता नहीं है. मां और बेटे छत पर रविवार सुबह 9:00 बजे किसी बात को लेकर बहस कर रहे थे. जिसके बाद बच्चा कुएं में गिर गया।

### सेल्फी लेते वक्त झिंगरिया वाटरफॉल में गिरा शख्स

**छिंदवाड़ा:** अपने परिवार के साथ रविवार को झिंगरिया वाटरफॉल घूमने गए मुकुंद मिश्रा खूबसूरत पलों को मोबाइल में कैद कर रहे थे, लेकिन जरा सी लापरवाही से जिंदगी खतरे में चली गई. सेल्फी लेते समय उनका पैर फिसला और देखते ही देखते वे वाटरफॉल से गिर रहे पानी में डूब गए. घटना के बाद से एनडीआरएफ की टीम उनकी तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है।

**एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कार्य किया शुरू :** छिंदवाड़ा के तामिया थाना क्षेत्र अंतर्गत झिंगरिया वाटरफॉल में एक व्यक्ति के साथ बड़ा हादसा हो गया. पैर फिसलने के कारण वे वाटरफॉल में गिर गए. जिसके बाद चौकी प्रभारी मयंक उईके मौके पर पहुंचे और एनडीआरएफ की टीम को सूचना दी गई. एनडीआरएफ की टीम तत्काल पहुंची और रेस्क्यू कार्य शुरू किया. लेकिन मुकुंद का कोई सुराग नहीं लग पाया है.



**गाजियाबाद से रिश्तेदार के घर आए थे मुकुंद:** मुकुंद मिश्रा गाजियाबाद के रहने वाले हैं. वे छिंदवाड़ा में अपने रिश्तेदार के घर आए हुए थे. यहां अपने परिवार के साथ वे झिंगरिया वाटरफॉल घूमने गए थे. इसी दौरान ये हादसा हो गया. घटना के 2 दिन बाद भी मुकुंद का पता नहीं लग पाया है. युवक की सर्चिंग एनडीआरएफ की टीम और लोकल गोताखोर कर रहे हैं. ड्रोन स्कैनिंग भी की गई है. रविवार की सर्चिंग के बाद सोमवार सुबह से भी सर्चिंग जारी है।

**गोताखोर की मदद से चल रहा रेस्क्यू :** पानी का बहाव अधिक होने की वजह से अंदाजा लगाया जा रहा है कि युवक वहां से आगे बह गया होगा. वहीं, अधिक गहराई और पानी का तेज बहाव होने के कारण रेस्क्यू करने में टीम को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. पुलिस सहित एनडीआरएफ के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं. थाना प्रभारी मयंक उइके ने बताया कि ₹सभी तरीके के प्रयास किये जा रहे हैं. एनडीआरएफ की टीम और लोकल गोताखोर की मदद से रेस्क्यू का कार्य जारी है।

### महिला को किया गया नागपुर रेफर

## कार ने महिला को मारी टक्कर हार्डवेयर दुकान का शेड भी टूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



न्यूटन नूरी मस्जिद के समीप एक कार ने महिला को टक्कर मारी और सामने मौजूद एक हार्डवेयर की दुकान के शेड को भी तोड़ दिया । कार तामिया की और से आ रही थी । महिला अपने पति के साथ मैनावाड़ी जा रही थी । कार की टक्कर से महिला के पैर और कमर में चोट आई है । बताया जा रहा है , कि महिला 4 माह की गर्भवती है । घटना की खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची । एस डी ओ पी श्री जाट ने अपने वाहन से महिला को परासिया अस्पताल पहुंचाया । बताया जा रहा है , कि महिला को नागपुर रेफर किया गया है । कार इकलेहरा की बताई जा रही है ।

## निगम सब इंजीनियर राजवीर सिंह का दिल्ली में निधन



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम में पदस्थ सब इंजीनियर राजवीर सिंह का सोमवार को दिल्ली के गंगाराम हॉस्पिटल में निधन हो गया है। वे पिछले काफी समय से यहाँ भर्ती थे और उनका सघन उपचार चल रहा था। डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी हालत में सुधार नहीं हो सका और सोमवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। राजवीर सिंह नगर निगम में अपनी ईमानदारी और समर्पण के लिए जाने जाते थे। उनके निधन की खबर से विभाग में शोक की लहर है। सहयोगियों ने उनकी मौत को नगर निगम के लिए बड़ी क्षति बताया है। परिवार और सहकर्मियों ने उनके निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

## अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव श्रीमद् भगवद् गीता 15वें अध्याय का सस्वर पाठ का हुआ आयोजन



**जुन्नारदेव।** नगर के शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव के प्रांगण में आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित जनप्रतिनिधियों अधिकारियों एवं लगभग एक हजार छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर श्रीमद् भगवद गीता के 15 वे अध्याय के श्लोको का सस्वर पाठ किया श्रीमद् भगवद गीता के श्लोको का पाठ पंडित प्रीतम मिश्रा जी के मुखारविंद से कराया गया कार्यक्रम में पंडित प्रीतम मिश्रा द्वारा भगवत गीता के पंद्रहवे अध्याय के श्लोको पाठ कर उनका अनुवाद एवं जीवन में महत्व छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित अतिथि गणों के मध्य बताया गया कार्यक्रम के शुभारंभ में उपस्थित अतिथि गणों द्वारा भगवान विष्णु के विराट स्वरूप छायाचित्र पर पुष्प अर्पित का पूजन अर्चन किया गया तत्पश्चाप गणेश वंदना एवं श्रीमद् भगवद गीता के पंद्रहवे अध्याय के श्लोकों बखान किया गया एवं छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित अतिथि गणों को श्रीमद् भागवत गीता के 15 अध्याय के श्लोकों की पुस्तक भेंट की गई कार्यक्रम का संचालन स्पोर्ट ऑफिसर अनुरोध शर्मा द्वारा किया गया कार्यक्रम के अंत में श्रीमद् भगवद गीता की आरती पश्चात प्रसाद वितरण किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक नत्थन शाह कवरेती नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे सीएमओ नेहा धुर्वे अपील समिति सदस्य सभापति पार्षद संजय जैन अमित यादव दीप्ति कांता साहू सुमन यादव सावित्री दुर्गे अरुणेश जायसवाल वरिष्ठ समाजसेवी विष्णु प्रसाद शर्मा सपना पाल राजेश श्रीवास्तव दीपेश जैन विशेष चौरसिया पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष शरद कुरोलिया मौजूद रहे।

## दिव्यांग बच्चे ईश्वर का रूप होते हैं - इंद्रजीत सिंह बैस

**छिंदवाड़ा।** नगर के परासिया रोड स्थित दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में विश्व दिव्यांगजन दिवस पर तीन दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन चल रहा है।महोत्सव के द्वितीय दिवस विविध खेलों का आयोजन किया गया जिसमे दिव्यांग बच्चों सहित स्टाफ ने हिस्सा लेकर सभी का मन जीत लिया।सुंदर आयोजन के मुख्य अतिथि खेल प्रमोटर इंद्रजीत सिंह बैस, जिला क्रीड़ा अधिकारी के. के. चौरसिया, विशेष अतिथि जिला बैडमिंटन संघ सचिव जावेद खान के साथ कार्यक्रम अध्यक्ष स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर सम्मिलित हुए।जिनका दिव्यांग बच्चों ने मंगलगान कर स्वागत किया ओर आधार की संचालिका सरिता पांडे ने तुलसी का पौधा एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया।इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों ने कुर्सी दौड़, चमच दौड़, गोला फेंक सहित विविध प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिनका अतिथियों ने उत्साह बढ़ाया, सभी को दीपक राज जैन ने स्वच्छता सहित नशा मुक्त भारत का संकल्प दिलाया।आयोजन की सराहना करते हुए इंद्रजीत सिंह बेस ने कहा कि दिव्यांग बच्चे ईश्वर का रूप होते हैं अतः हम सभी को उनकी सेवा करना चाहिए, वहीं क्रीड़ा अधिकारी श्री चौरसिया ने सुंदर भजन गाकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया और जावेद खान ने 90 दिव्यांगों की सेवा हेतु आधार फाउंडेशन की टीम को बधाई दी।सुंदर आयोजन का संचालन सक्षम के जिला अध्यक्ष महेश किन्थ ने एवं आभार आधार की अध्यक्ष सरिता पांडे ने किया। सुंदर आयोजन की सभी अतिथियों सहित गणमान्य नागरिकों ने सराहना करते हुए मिष्ठान वितरित कर विश्व दिव्यांगजन दिवस की शुभकामनाएं दी। आज मंगलवार को खेल महोत्सव का समापन विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं पुरस्कार वितरण के साथ किया जावेगा।

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोबा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता-सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता-पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 332. अफरोज बानो, पिता/पति-मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता-शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण**- 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्पिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण**- 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## मोहगांव जलाशय पीड़ितों ने रखी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

जिले के मोहगांव जलाशय के पीडित सैकडों महिला एवं पुरूश किसान आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। सुदाम मानमोडे किसान ने बताया कि कलेक्टर महोदय द्वारा हमें आज का समय दिया गया था लेकिन वे जरूरी कारण से भोपाल चले गए है। गौरतलब है कि निवर्तमान कलेक्टर अजय देव शर्मा के कार्यकाल में भी मोहगांव जलाशय पीडित किसानों ने कलेक्टर कार्यालय पांढुर्ना में आधी रात तक धरना दिया था। किसानों ने कहा कि आगामी दिनों में वे कलेक्टर नीरज कुमार वशिश्ठ से मुलाकात कर चर्चा करना चाहेंगे। कुछ माह पहले तत्कालीन कलेक्टर ने मोहगांव क्षेत्र का दौरा कर किसानों से भेंट कर उनकी समस्याएं जानी थी। लेकिन पांढुर्ना आए किसानों का कहना है कि हमारी समस्याएं आज भी जस की तस है, इसके समाधान के लिए प्रशासन की ओर से अभी तक गंभीर प्रयास नहीं हुआ है। जलाशय तो कब का बन गया लेकिन छुटी हुई परिसंपत्ति का अवार्ड अब तक नहीं हो पाया है, छुटे हुए विस्थापित परिवारों को अब तक नहीं जोडा गया है, मुद्रक शुल्क में हमें कोई छूट नहीं मिली है, नंदनेवानी-सरकीखापा, घोडकी ढाना-भुम्मा, भुम्मा-मुंगनापार मार्ग बार बार अश्वासन के बावजूद बना नहीं है, 60 किसानों पर दर्ज प्रकरण वापस लेने का आश्वासन का पालन नहीं हुआ है तथा विस्थापन स्थल पर मूलभूत सुविधा जैसे पीने का पानी, सामुदायिक भवन और शाला का निर्माण अब तक नहीं हुआ है।

### प्रदेश भ्रमण के लिए स्वदेशी संकल्प यात्रा हुई रवाना

**पांढुर्णा।** आज दोपहर में जयस्तंभ चौक पर स्थित श्री गुरूदेव सेवामंडल से प्रांतीय स्वदेशी संकल्प रथयात्रा का शुभारंभ हुआ। इस संकल्प रथयात्रा में म.प्र. के पूर्व राज्य शिक्षा मंत्री नानाभाउ मोहोड, नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे, अखिल भारतीय व्यापारिक संघ के प्रदेश महामंत्री एवं स्वदेशी संकल्प यात्रा मध्यप्रदेश के प्रभारी राजीव खंडेलवाल, कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बालकृष्ण भारतीय, कैट के प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, कैट के क्षेत्रीय संगठन मत्री सुधीर करदाते, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीन पालीवाल, पूर्व नपा अध्यक्षा मीनाक्षीताई खुरसंगे, नगरमंडल भाजपा अध्यक्ष बंटी छागानी, जिला व्यापारिक संघ अध्यक्ष सुभाष बुधराजा, प्रकाश उईके, महेंद्र घोडे के अलावा अनेक उपस्थित रहे। यहां उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में इस रथ यात्रा का आरंभ पांढुर्ना जिले से होने जा रहा है। पांढुर्ना से संकल्प यात्रा के 2 रथ चलेंगे, 1 रथ सौंसर होते हुए बालाघाट और दूसरा रथ मुलताई होते हुए आगे रवाना होगा। स्वदेशी संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर बालकृश्णा भारतीया ने कहा कि यह यात्रा स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण तथा देशी उद्योगों के संरक्षण का संदेश लेकर निकली है। इन्होंने स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों से अनुरोध किया किवे स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देकर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में सहयोग करें। इसके बाद रथयात्रा गंतव्य की ओर रवाना हुई।

## कॉलेज विद्यार्थियों ने निकाली एड्स जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ




विश्व एड्स दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजितविश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजनविश्व एड्स दिवस₹ पर वीर अमर शहीद स्वर्गीय श्री कबीरदास उइके शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में एनएसएस एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में संस्था प्राचार्य डॉ. आर.पी. यादव के मार्गदर्शन में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नवीन कुमार चौरसिया द्वारा एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ एड्स जागरुकता रैली का आयोजन किया गया।

महाविद्यालयीन प्रांगण से बिछुआ के मुख्य मार्गों तक स्वयंसेवकों द्वारा एड्स जागरुकता पर नारे लगाए गए एवं बिछुआ वासियों को एच.आइ.वी की रोकथाम निदान प्रबंधन एवं देखभाल से संबंधित जानकारियाँ प्रदान की गई। इसके साथ ही महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने एड्स के बचाव और भ्रांतियों को दूर करने वाले संदेश पूर्ण पोस्टर बनाए। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर संयुक्त रूप से नीतू बमनेया एवं सुष्मिता धुर्वे द्वितीय यशस्विनी बाचेकर और भूमिका बाघमारे एवं तृतीय स्थान अंजली चौरसिया, खुशी वर्मा और सुष्मिता राजपूत का रहा। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में श्री सूर्यकांत शुक्ला, डॉ. कीर्ति डेहरिया, डॉ. माधुरी पुसे की रही। इस अवसर पर एनएसएस महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ नसरीन अंजुम खान द्वारा विद्यार्थियों को एड्स की जानकारी दी गई और बताया गया कि एड्स छूने से नहीं फैलता और एड्स पीड़ितों के साथ भेदभाव करना अमानवीय है। उन्होंने सभी को संवेदनशील और सहानुभूतिपूर्ण बनने का संदेश दिया।

### नाम परिवर्तन सूचना (शपथपत्र)

मैं शपथकर्ता रूही नाज कुरैशी पिता मो युसूफ कुरैशी निवासी मोती मस्जिद गली नं-14, गुलाबरा, छिन्दवाडा तहसील व जिला छिन्दवाडा म.प्र. की निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि:-1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ। 2. यह कि मेरी कक्षा 10 वीं की अंकसूची में नाम-RUHY NAZ QURESHI D/O MO YUSUF QURESHI दर्ज है जो कि मेरा वास्तविक नाम है। एवं कक्षा 12 वीं की अंकसूची में मेरा नाम भूलवश ROOHI NAZ QURESHI D/O MOH YUSUF QURESHI एवं पेनकार्ड नं-AAUPQ2226N एवं अन्य दस्तावेजों पर मेरे पिता का नाम-MOHAMMAD YUSUF QURESHI दर्ज है। 3. यह कि मेरा पूरा वास्तविक नाम-रूही नाज कुरैशी पिता मो युसूफ कुरैशी RUHY NAZ QURESHI D/O MO YUSUF QURESHI है सत्य व सही है। अतः उपरोक्त कक्षा 10 वीं तथा अन्य दस्तावेजों में उल्लेखित नाम के अनुसार मेरे एवं पिता के नाम से मुझे अब रूही नाज कुरैशी पिता मो युसूफ कुरैशी RUHY NAZ QURESHI D/O MO YUSUF QURESHI से जाना पढ़ा एवं लिखा जावे जिस हेतु शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

### जिला पुलिस अधीक्षक के नाम एसडीओ भार्गव को सौंपा ज्ञापन

# बाबा साहेब पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले पर कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पांढुर्णा

संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के बारे में दुर्गेश उईके द्वारा फेस बुक पर अपमानजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगाते हुए इसके खिलाफ विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाने की मांग भारतीय बौद्ध महासभा जिला पांढुर्ना के तत्वाधान में इनके अनुयायियों ने की है। आज दुर्गेश उईके पर कारवाई को लेकर इन्होंनें जिला पुलिस अधिक्षक के नाम का ज्ञापन एसडीओ ब्रजेश भार्गव को सौंपा। अपमानजनक प्रसार सामग्री फैलानेवाले सोशल मीडिया अकाउंट की जांच और ऐसे लोगों पर निगरानी बढाने की मांग ज्ञापन में की है। इस बारे में थाना प्रभारी अजय मरकाम ने कहा कि विवेचना जारी है, इसके बाद प्रकरण पंजीबद्ध किया जाएगा।

**यह कथन बाबा साहेब के**

फेस बुक पर टिप्पणी करनेवाले दुर्गेश उईके ने कहा कि मैने जो पोस्ट की है वह खुद बाबा साहेब अंबेडकर के कथन है। इन्होंने 2 दिसंबर 1953 को राज्यसभा में यह कथन सार्वजनिक रूप से कहे थे।

## बोरगांव लिटिल स्टेप में हुआ वेलकम कार्यक्रम का आयोजन



**सौंसर।** लिटिल स्टेप महाविद्यालय में 2025 में प्रवेशित नवीन छात्रो का वेलकम कार्यक्रम का आयोजनकिया गया.कार्यक्रम में प्रमुख अतिथी अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक नीरज सोनी, थाना प्रभारी लोधीखेडा श्री मर्सकोले, संध्या मैम तथा आकांक्षा मैम थाना प्रभारी पादुर्णा उपस्थित थे कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संचालक अनिल खाम्बोरकर एवं प्राचार्य कैलाश धकाते उपस्थित थे। छात्रो ने नवीन प्रवेशित छात्रो का वेलकम किया एवं रंगारंग प्रस्तुती दी गौर उत्सव के उत्सव के अवसर पर सागर विश्वविद्यालय में जाकर छात्रो ने बहुत ही मनमोहक प्रस्तुतियाँ थी। मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी श्री सोनी द्वारा सम्बोधित करते हुये जिला पादुर्णा की पुलिस द्वारा ₹ मुस्कान₹ अभियान के अंतर्गत चल रहे कानून, यातायात, तथा साइबर फ्रॉड के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों ने फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम पर अनजाने लोगों से दोस्ती नहीं करनी चाहिए साथ ही मोबाइल पर आने वाली हर रिक्वेस्ट को एक्सेप्ट नहीं करना चाहिए।

## कॉलेज में हुआ पर्सनल डेवलमेंट कोर्स का समापन



**सौंसर।** शासकीय महाविद्यालय सौसर में उन्नति फ़ाउंडेशन की और से कार्यक्रम का आयोजन करते हुए पर्सनल डेवलपमेंट के कोर्स के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्राचार्य डॉक्टर पी एस परते थे। आयोजन के दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बताया कि उन्होंने खेल खेल में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया और अब वे मंच में बोलने में डरते नहीं हैं।इस कोर्स में विद्यार्थी ने रिज्यूम बनाना, इंटरव्यू देना, इंग्लिश कम्युनिकेशन, मंच संचालन, टाइम मैनेजमेंट, लक्ष्य निर्धारण आदि विभिन्न क्षेत्रों में ज्ञान प्राप्त किया। उन्नति फ़ाउंडेशन की मेंटर दिव्या साहू ने बताया कि विद्यार्थी बहुत ही विनम्र और सहज हैं।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को इस तरह के कार्यक्रम से लाभ उठाना चाहिए ताकि वे अपने जीवन में आगे बढ़ सके।संस्था प्राचार्य श्री परते ने बताया कि बच्चों का शिक्षा के साथ-साथ सर्वांगीण विकास को इस उद्देश्य को लेकर महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ सेमिनारआयोजित किए जाते हैं साथ ही बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान और करियर गाइडेंस के संबंध में जानकारी दी जाती है।

## 500 छात्रों ने भगवत गीता के 15वें अध्याय का किया वाचन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ परासिया

मध्य प्रदेश शासन के निर्णय अनुसार विकासखंड परासिया में गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथि नगर पालिका परासिया के अध्यक्ष विनोद मालवीय, उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर,नगर पालिका चांदामेटा के उपाध्यक्ष अमजद खान, भारतीय जनता पार्टी का वरिष्ठ नेता परमजीत सिंह बिज, शहरी मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी के साथ विभिन्न जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व परासिया शुभम कुमार यादव के निर्देशन में, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत परासिया श्रीमती वर्षा झारिया एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पालिका परासिया - चांदामेटा भरत कुमार गजवे के सानिध्य में स्थानीय कन्या शाला परासिया में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को विधिवत आयोजित कराने में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी परासिया श्रीराम धुर्वे, विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक श्याम कुनार गुन्हेरे, पी.एम. श्री कन्या शाला प्राचार्य स्वर्णकुमारी सिंह ने पूर्ण सहभागिता दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती तथा भगवान श्री राधा कृष्ण के समक्ष दीप प्रज्लवन एवं पूजन अर्चन से हुआ। तत्पश्चात सरस्वती वंदना श्रीमती ममता पटले, श्रुति तिवारी एवं साथी के द्वारा की गई। स्थानीय पुरोहित पंडित सुभाष शर्मा चांदामेटा के द्वारा गीता के महत्व पर प्रकाश डाला गया एवं गीता के 15वें अध्याय का सश्वर वाचन किया गया।

वाचन करने के दौरान उपस्थितविभिन्न शालाओं के लगभग 500 विद्यार्थियों ने श्रीमद् भागवत गीता के 15 वे अध्याय का सस्वर दोहराव किया एवं गीता के महत्व को जानकर लाभान्वित हुए। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा श्रीमद् भागवत गीता के अध्ययन और अध्यापन पर विशेष बल देते हुए उनके आदर्शों पर चलने पर जोर दिया गया। गीता जयंती पर अध्याय 15 की बुकलेट वितरण की गई जिसमें से प्रेरणा गीत के साथ ही विशेष प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में प्रवीण विश्वकर्मा, हरीश राव गव्हाने, कैलाश नारायण गुप्ता, सहित विभिन्न शालाओं के शिक्षको ने सक्रिय सहभागिता दी।

## सांवली स्वास्थ्य शिविर में 773 लोगों की हुई जांच

**सौंसर।** सौ दिन सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सोमवार को ग्राम पंचायत सावली में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया गया।सावली में हुए स्वास्थ्य शिविर में बडी संख्या में लोगों का स्वास्थ्य जांच कर औषधी का वितरण किया गया। शिविर में रोग परीक्षण, रक्तचाप, सुगर जांच के अलावा प्राथमिक उपचार किया गया। शिविर का शुभारंभ भाजपा नेता रामकृष्णा वाकोडे, राजेन्द्र भक्ते, मोरेष्वर मर्सकोले, पूर्व जिला महामंत्री राहुल मोहोड, मंडल अध्यक्ष प्रभाकर बोबडे, दर्शन झाडे, सदानंद डोंगरे, नामदेव पाल, पूर्व जप सदस्य लीला मारोती बोबडे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य करूणा वाकोडे, जप उपाध्यक्ष नारायण वाडोदे, जनपद सदस्य डॉ गुलाब पांडे, सरपंच दिनेश भलावी, मनोज ठाकरे, देवराव सीतकरे, हरीदास धुर्वे, यमुना आत्राम, इंद्रायणी वाडोदे, सुर्यभान चिकटे, सुधाकर सनेसर की प्रमुख उपस्थिति में किया गया। अवसर पर बोलते हुये वक्ताओं ने सेवा समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व पर विचार व्यक्त किये। उन्होने कहा कि, समाज के हित में किये जानेवाले ऐसे सेवा कार्यक्रम केवल एक आयोजन नही बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत बनाते है। स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रत्येक नागरिक का मूल अधिकार है और ऐसी पहले समाज के कमजोर वर्गो तक भी महत्वपूर्ण सुविधायें पहुचाती है। सरकार की ओर से भी स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है पत्र इब्राहियों ने स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से इन योजनाओं का भी अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिए।जानकारी देते हुये खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेश शुक्ला ने बताया कि, शिविर में कुल 773 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। सफलतार्थ चिकित्सकीय टीम ने सहयोग किया।

### अंत्येष्टी सहायता राशि का किया वितरण

ग्राम पंचायत सावली में आयोजित स्वास्थ्य शिविर के दौरान राज्य शासन की हितग्राही मूलक योजना अंत्येष्टी सहायता राशी का वितरण अतिथियों हस्तें किया गया। सभी लाभार्थीयों को सांकेतिक चेक का वितरण हुआ। लाभार्थियों में बालकृष्णा डवरे, मनिया प्रजापति, सुनंदा येलमुले, चिंतामन वाणी, गीता भुजाडे का समावेश है। संचालन सरपंच गणेश बावने एवं आभार प्रदर्षन सचिव मधुकर धुर्वे ने किया।

## आमला में पूर्व सैनिकों नें बच्चों को बाटें ऊनी कपड़े



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सौंसर

ग्राम आमला में पूर्व सैनिक संगठन इंडियन वेटरन्स ऑर्गेनाइजेशन द्वारा निरंतर समाज सेवा के क्षेत्र में विभिन्न कार्य किया जा रहे हैं।हाल ही में टीम के माध्यम से पूर्व सैनिकों के द्वारा आमला के 22 बच्चों को स्वेटर वितरित किए।

इस अवसर पर बच्चों को बिस्किट और चाकलेट भी दिए गए। पूर्व सैनिकों का दल हमेशा क्षेत्र में कुछ ना कुछ नया करते रहते हैं। इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिक प्रदीप कलसकर ने कहा कि ऐसे काम करने से बहुत अच्छा लगता है और मन हमेशा प्रसन्न रहता है। उन्होंने कहा कि उनका नारा है ₹सरहद से समाज की ओर₹ और समाज के काम करने के लिए अपनी सोच को अच्छा और सच्चा रखना होगा। कोरोना समय के दौरान भी पूर्व सैनिकों की स्कीम के द्वारा मरीज को दवाइयां खाद्य सामग्री ऑक्सीजन मेडिकल सुविधा एंबुलेंस आदि की व्यवस्थाएं अपनी जान जोखन में डालकर उपलब्ध कराई थी। कार्यक्रम में आमला के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती जया सरियाम, कार्यकर्ता जीजा बाई धुर्वे, आमला के पटेल श्री सीताराम जी धुर्वे और आई वी ओ टीम भारत के मेंबर राजेश्वर परतेती, विलास आमने, रमेश गौतम, रत्नाकर अंबडकर आदि उपस्थित थे।

## सांसद खेल महोत्सव में उत्कृष्ट विद्यालय के बच्चों से मैदान की कराई साफ-सफाई और बच्चे कूड़ा कचरा बिनते आए नजर

**शिक्षा व्यव्सथा पर उठ रहे सवाल**

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** बालाघाट जिले के तहसील किरनापुर में सरकारी स्कूलों की दुर्दशा पर एक बार फिर से सवाल खड़े हो गए हैं. दरअसल, बालाघाट जिले के किरनापुर प्रखंड स्थित उत्कृष्ट विद्यालय से एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें स्कूल के बच्चे खेल मैदान में कचरा साफ करते एवं कूड़ा करकट उठाते नज़र आए। स्कूल के नन्हें छात्रों से पढ़ाई छुड़वाकर स्कूल परिसर के मैदान की साफ सफाई और कूड़ा करकट उठवा रहे हैं.यह घटना न केवल बच्चों के शिक्षा अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि मध्य प्रदेश सरकार की शिक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है. दरअसल, वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि दिनांक 29/11/2025 को उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान किरनापुर में होने वाले सांसद खेल महोत्सव एथलेटिक्स या कबड्डी ट्रायल फाइनल सिलेक्शन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान उत्कृष्ट स्कूल के बच्चों से साफ करवाया गया। मासूम बच्चे स्कूल बैग छोड़कर स्कूल की जमीन पर झुककर कचरा बिनते एवं कूड़ा करकट उठाते हुए नजर आते हैं.।यह वीडियो शिक्षा व्यवस्था पर एक बड़ा सवाल खड़ा करता है कि जहां बच्चों को किताबों की जगह कचरा बिनने पर मजबूर किया जा रहा है. इस संबंध में उत्कृष्ट स्कूल के प्राचार्य से पूछा गया तो उनके द्वारा यह कहा गया कि मुझे कार्यक्रम के बारे में जानकारी थी परंतु हमारे स्कूल के बच्चे से मैदान साफ करवाया जा रहा है इस बात की जानकारी मुझे नहीं है। अगर ऐसा किया गया है तो मेरे द्वारा जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इस तरह की टालमटोल और उदासीनता



ने यह स्पष्ट कर दिया कि प्रशासनिक स्तर पर भी इस प्रकार की घटनाओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है. बता दें कि यह कोई पहली घटना नहीं है, जब जिले के किसी सरकारी स्कूल में बच्चों से काम करवाने का मामला सामने आया हो. इससे पहले भी कई बार इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जाती है।

## बिठली में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का 6 दिसम्बर से शुभारंभ

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहगॉव खुर्द के ग्राम बिठली में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी न्यू स्टार क्रिकेट क्लब बिठली द्वारा ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 6 दिसम्बर 25 से किया जा रहा हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए क्लब सदस्य संजय बिसेन ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रवेश लेने वाली टीमों को 601 रुपये प्रवेश शुल्क जमा करनी होगी। प्रतियोगिता की विजेता टीम को 13001 रुपये व उपविजेता टीम को 6001 रुपये का इनाम दिया जायेगा। प्रतियोगिता का प्रत्येक मैच 8-8 ओवर का होगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ 6 दिसम्बर को कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी के मुख्य आतिथ्य, जिला पंचायत संघ प्रदेश महासचिव मनोज टेंभरे के विशेष आतिथ्य, ग्राम पंचायत मोहगॉव खुर्द सरपंच फागूलाल मरठे की अध्यक्षता, राहुल प्रियंका गॉधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली के प्रमुख आतिथ्य एवं पूर्व सरपंच सालिकराम राऊत, उपाध्यक्ष सुरेश पटले/खोजेश बिसेन, सचिव अंकित बिसेन, कोषाध्यक्ष क्रांति बिसेन व स्थायी पटेल युगल किशोर बिसेन की प्रमुख उपस्थिति में होगा।

## विश्व एड्स दिवस पर रैली निकालकर दिया गया जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल के निर्देशानुसार जिले में 01 दिसम्बर विश्व एड्स दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन जिला एड्स नियंत्रण समिति तथा रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा बालाघाट के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवाओं की सहभागिता से जिला चिकित्सालय बालाघाट से भव्य जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को डॉ. परेश उपलप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

यह रैली शहर के मुख्य मार्गों, चौक-चाराहों का भ्रमण करते हुए जिला चिकित्सालय में समाप्त हुई। रैली के पश्चात जिला चिकित्सालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जावेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा बालाघाट के पदाधिकारी, सिविल सर्जन, नोडल अधिकारी जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम उपस्थित हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत मॉ सरस्वती के पूजन व स्वागत गीत से की गई। अतिथियों द्वारा एचआईवी, एड्स के विषय में अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये। कार्यक्रम में जिसमें एचआईवी/एड्स तथा पोषण व स्वास्थ्य पर कार्यशाला, पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली, एचआईवी/एड्स विषय पर तात्कालिक भाषण, नुक्कड नाटक प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें नर्सिंग कॉलेज, पैरामेडिकल कॉलेज, बीएड कॉलेज से छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों एवं संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र व शील्ड से पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित क्षय रोग के मरीजों को पोषण आहार किट भी अतिथियों द्वारा वितरीत कराई गई।

कार्यक्रम डॉ. प्रियव्रत सोनकर नोडल अधिकारी, डॉ. सुषमा गोयल नोडल अधिकारी ए.आर.टी. केन्द्र, डॉ. मिनल नगपुरे चिकित्सा अधिकारी ए.आर.टी., दिशा क्लस्टर स्टॉफ, ए.आर.टी. केन्द्र, आईसीटीसी केन्द्र, सीएससी विहान, टीआई परियोजना, लिंक वर्क स्कीम, जेल इंटरवेंशन परियोजना से अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी को लोगों को स्वलपाहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती अजु जाचंक सीएसओ एवं श्रीमती रजनी रांहगडाले डाटा मैनेजर द्वारा किया गया।

## महदुली में हुआ सड़क हादसा 44 वर्ष के शख्स की हुई मौत

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** महाराष्ट्र की उप राजधानी नागपुर से अपने घर की तरफ लौट रहे एक 44 वर्षीय शख्स की सड़क हादसे में मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि यह शख्स एसआईआर कार्य करने के लिए अपने घर आ रहा था। हादसा कटंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम महदुली में सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे के आसपास हुआ है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम उमरी निवासी भूपेंद्र पिता मन्त राम उके दो पहिया वाहन से नागपुर से अपने घर उमरी की तरफ लौट रहे थे। इसी दौरान महदूली गांव में सड़क हादसे का शिकार हो गए। बताया जा रहा है कि भूपेंद्र ने अपने बाइक की हैंडल में हेलमेट लटका रखा था। महदूली में सड़क की मोड़ाई में बाइक का हैंडल, हेलमेट लटके होने की वजह से पूरी तरह से टर्न नहीं हो पाया और इसी कारण बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक में सवार



भूपेंद्र की मौत हो गई। वहीं दूसरी तरफ अज्ञात वाहन के द्वारा टक्कर मारने से सड़क हादसे होने की भी चर्चा चल रही है। भूपेंद्र को सड़क हादसे के बाद नजदीक के सरकारी अस्पताल कटंगी लाकर भर्ती करवाया गया था जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार दिया इसी दौरान मौत हो गई। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। भूपेंद्र के सिर और नाक के हिस्से में अंदरूनी चोट लगी। जिससे उसकी मौत हुई है। अगर बाइक चलाते समय भूपेंद्र ने हेलमेट सिर में पहन कर बाइक चलाई होती तो जान बच सकती थी।

### किसानों की हर मांग को प्रदेश सरकार के समक्ष रखेंगे विधायक

# विधानसभा सत्र के दौरान किसानों की धान को 3100 रूपये प्रति क्विंटल खरीदने रखेंगे मांग-पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

एक दिसंबर से शीतकालीन विधानसभा सत्र प्रारम्भ हो गया हैं, मगर भाजपा सरकार द्वारा अभी तक 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान नही खरीदी जा रही हैं। धान खरीदी समेत किसानों के मुद्दे को लेकर विधायक विवेक विक्की पटेल ने भाजपा सरकार पर हमला बोला हैं। मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों से 3100 रूपये प्रति क्विंटल धान नहीं खरीदने का षड्यंत्र कर रही हैं, अपने वादे के मुताबिक मध्यप्रदेश की सरकार किसानों की धान की 3100 रूपये प्रति क्विंटल से धान खरीदी करें, नहीं तो वे किसानों के हित में सडक़ से लेकर विधानसभा तक इस मुद्दे को सरकार के सामने रखेंगे।

उन्होंने कहा कि बालाघाट जिला और उनका वारासिवनी-खैरलाँजी विधानसभा क्षेत्र सर्वाधिक धान उत्पादन वाला क्षेत्र हैं और भाजपा ने 3100 रूपये प्रति क्विंटल धान की खरीदी करने का वादा किया था। लेकिन यह दूसरा वर्ष हैं खरीदी का और इस वर्ष भी मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार वादा खिलाफी कर रही है।

**किसानों के हित में सडक़ से लेकर विधानसभा तक लड़ेंगे:** वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि हमारा क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र हैं। चुनाव के पूर्व भाजपा सरकार ने किसानों से वादा किया था कि हमारी सरकार बनते ही हम किसानों की धान को 3100 रुपये प्रति क्विंटल खरीदेंगे। सरकार बनने के बाद धान खरीदी का दूसरा वर्ष हैं, वही एक दिसंबर से विधानसभा शीतकालीन सत्र शुरू हो गया हैं। हम चाहते है कि किसानों की धान को सरकार 3100 रुपए प्रति क्विंटल खरीदे। वहीं किसानों का कर्ज भी माफ करे, अभी तक किसानों का कर्ज भी माफ नहीं हुआ हैं।



### किसानों की आय दुगुनी नहीं मगर लागत दुगुनी हो गई-विवेक पटेल

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि भाजपा की सरकार बनी लगभग दो वर्ष पूर्ण हो रहें हैं, तीन दिसंबर को रिजल्ट आया था और जो इन्होंने किसानों से वादा किया था, सरकार बनते ही हम किसानों की धान को 3100 रुपए प्रति क्विंटल खरीदेंगे, मगर आज तक अपना वादा पूरा नहीं किया। हमारा बालाघाट जिला कृषि प्रधान जिला हैं, बारिश में किसानों की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई, अभी तक ना सर्वे हुआ और ना नहीं किसानों को मुआवजा मिला। मेरे द्वारा विधानसभा प्रश्न भी लगाया गया हैं। किसानों की लागत दुगुनी हो गई है, मगर आय दुगुनी नहीं हुई। इस वर्ष विधानसभा सत्र मात्र 5 दिनों का है। इन पांच दिनों में प्रदेश के कई विधायकों को अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर बोलने का मौका नहीं मिलता। मैं सरकार से मांग करता हूं कि विधानसभा सत्र की अवधि बढ़ाया जाए, ताकि सभी विधायकों को बोलने का मौका मिले।

## विद्यालय में National Cyber Day कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर विद्यालय किरनापुर के प्लाटुन नम्बर 241के द्वारा रविवार 30 नवम्बर 2025 को NCC द्वारा घोषित National Cyber Day बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर साइबर सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें साइबर जागरूकता पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और साइबर सुरक्षा शपथ शामिल थे। कार्यक्रम का आयोजन 6 मप्र बटालियन एनसीसी बालाघाट के लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कुमार गुप्ता के निर्देशन एवं संस्था के प्राचार्य श्रीमती अनिता तारन वरिष्ठ शिक्षक डी.आर. पट्टावी मुख्य अतिथि उमेश कुमार मिश्रा (एएसआई) द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अतिथि ने कैडेट्स को साइबर सुरक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि डिजिटल युग में सुरक्षित इंटरनेट उपयोग अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव, पासवर्ड सुरक्षा, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग और साइबर बुलिंग जैसे विषयों पर छात्रों को जागरूक किया। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले कैडेट्स ने आकर्षक पोस्टर और नारे प्रस्तुत किए। विजेता छात्रों को विद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में डिजिटल सुरक्षा की समझ बढ़ाना और उन्हें जिम्मेदार इंटरनेट उपयोगकर्ता बनाना था। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी प्रभारी सीटीओ वर्षा चौरागड़े ने अंत में सभी छात्रों ने यह संकल्प लिया कि वे साइबर सुरक्षा नियमों का पालन करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

**खबर संक्षेप**

## एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में कुरई के हेमंत बर्मन का हुआ चयन

**सिवनी।** गांव - कोदाझिरी (कुरई), जिला - सिवनी (म. प्र.) के रायफल शूटिंग खिलाड़ी हेमंत बर्मन 50एम 3पी एवं 50एम प्रोन इवेंट में एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2026 के लिए अंडर-19 जूनियर वर्ग में चयनित हुए। हेमंत बर्मन 17 वर्ष की उम्र में इंडिया टीम में चयनित होकर अपना पहला इंटरनेशनल मैच खेलने के लिए मैदान में उतरेंगे। एशियाई शूटिंग महासंघ एएससी (मुख्यालय कुवैत) द्वारा 12वी एशियन शूटिंग चैंपियनशिप की मेजबानी भारत देश को सौंपी गई है। जिसका आयोजन फरवरी 2026 नई दिल्ली में होगा। जिसमें अंडर -19 जूनियर वर्ग में भारत देश के शीर्ष वरीयता प्राप्त 06 खिलाडियों का चयन किया गया।
एशिया महाद्वीप के प्रमुख रूप से चीन, जापान, इंडोनेशिया, मलेशिया, कोरिया, फिलीपींस, वियतनाम, थाईलैंड, कुवैत, कतर, ईरान, कज़ाख़िस्तान, एवं अन्य एशियाई देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे।

# बिजली तारों में पैरा फंसने से होती है बिजली अवरुद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

अभी वर्तमान में खरीफ की फसल मुख्यत: धान की गहानी का कार्य किसान भाइयों के द्वारा प्रगतिशील है,ग्रामीण अंचलों में आजकल देखा जा रहा है बड़े रकबे वाले किसान हार्वेस्टर से अपनी फसल की गहानी का कार्य आसानी से कर रहे हैं।

लेकिन कुछ एक छोटे किसान रीपर आदि की मदद से या थ्रेसर के द्वारा धान गहानी के कार्य में व्यस्ततम नजर आ रहे हैं, और उनहारी और रवि सीजन के लिए भी किसान भाई जमीन तैयार कर बौनी आदि के कार्य भी कर रहे हैं।
गत 1 दिसंबर से धान उपार्जन के केंद्र भी चालू हो चुके हैं, शासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए प्रत्येक किसान भाइयों ने ई केवाईसी अपडेट कर कर अपने खातों को और ऑनलाइन स्लाट् बुकिंग कर धान की बिक्री का कार्य आगामी एक माह तक किया जाएगा।
मुख्य बात थ्रेसर से निकलने वाली पैरा ऐसे कुछ स्थानों पर जहां पर बिजली के खंबे लगे रहते हैं, में फंस जाती है जैसा की तस्वीरों में



स्पष्ट नजर आ रहा है जिससे असामयिक बिजली कार्य अवरुद्ध हो जाता है,सुरक्षा के दृष्टिकोण से या शॉर्ट सर्किट आदि ना हो इस वजह से अगर ऐसी स्थिति देखी जाती है तो किसानों को सुखे लंबे डंडे बांस आदि से इन तारों को साफ समय पर कर दिया जाना चाहिए जिसको लेकर पां. छपारा क्षेत्र के एक किसान बंधु ने अपने क्षेत्र अंतर्गत यह फोटो व्हाट्सएप में डालकर संदेश देने का प्रयास किया जो सामाजिक दृष्टिकोण से सही भी है।



# अनियंत्रित होकर बोलेरो पलटा, नौ घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के अंतर्गत उगली पुलिस थाना की हिर्री नदी के पुल के पास गत दिवस रविवार दोपहर 2 बजे एक चौपाया बोलेरो वाहन एम पी 50 बी सी 0297 रंग सिल्वर अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसकी जानकारी प्रत्यक्षदर्शियों ने 108 को दी जाकर उसकी मदद से घायलों को सिविल अस्पताल केवलारी में उपचार के लिए भेजा गया, जहां पर एक बुजुर्ग घायल व्यक्ति ने जानकारी दिया कि हम लोग बरघाट विधानसभा के अंतर्गत इंदौरी आस्टा के निवासी हैं, और सामाजिक बैठक माली समाज का कार्यक्रम पां. छपारा में शामिल होने के लिए जा रहे थे, तभी हमारा वाहन अनियंत्रित होकर हिर्री नदी के पास पलट गया सभी घायलों का उपचार सिविल अस्पताल केवलारी में किया जा रहा है, समाचार लिखे जाने तक सभी लोग सुरक्षित हैं। सुरक्षा के दृष्टीकोण से रेलिंग विहीन है, कुछ पुल पुलिस थाना उगली क्षेत्रांतर्गत कुछ पुलिया में रैलिंग ना होने से भी दुर्घटनायें होती है,सुरक्षा के दृष्टिकोण से ही नदी के पुल की रेलिंग और टर्निंग में किसी प्रकार के कोई सुरक्षा के पुख्क्ता इंतजाम नहीं है, आए दिन इस स्पाट पर वाहन दुर्घटना की खबरें आम हो गई है। उक्त घटना के संदर्भ में थाना उगली के अधिकारी जांच कर रहे हैं।

# प्रिंस धुर्वे का राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में हुआ चयन



विकासखंड कुरई के होनहार 16 वर्षीय कब्बडी खिलाड़ी ने जिले का नाम रोशन किया है। राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में स्टेट से प्रथम रेडर का इनाम मिला था। वहां से चयनीत होकर सिवनी जिले से नेशनल खेलने गया है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार कबड्डी खिलाड़ी प्रिंस धुर्वे पिता स्वर्गीय नूर सिंह धुर्वे माँ ज्योति धुर्वे का राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में चयन हुआ है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ी हरियाणा गया है जहां वह अपनी खेल का प्रदर्शन करेगा। खुरई के इस खिलाड़ी का राष्ट्रीय स्तर कबड्डी प्रतियोगिता में चयन होने पर परिजन व कुरईवासी जहां प्रसन्नचित हैं वहीं उन्होंने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जूनियर बालक वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता में शादान खान का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** इटारसी आयुध निर्माणी खेल परिसर, आयुध नगर इटारसी में 29-30 नवम्बर 2025 को आयोजित विभागीय राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में संदीपनी विद्यालय सुकतरा के छात्र शादान खान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता जनजातीय कार्य विभाग, नर्मदापुरम के तत्वावधान में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की टीमों ने भाग लिया, जिनमें शादान खान ने जूनियर बालक वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए निर्णायक भूमिका निभाई।

# बीएलओ का काम देख मां ने भी नहीं बताई अपनी तकलीफ, बीच रास्ते में माँ की हो गई मौत

**इन दोनों एसआईआर का काम तेजी से चल रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

वही इस कार्य को लेकर बनाए गए बीएलओ पर कार्य का अत्यधिक दबाव होने के कारण वे मानसिक शारीरिक रूप से परेशान भी चल रहे हैं। इसके चलते वे स्वयं के स्वास्थ्य और अपने घर के परिजनों व बुजुर्गों के स्वास्थ्य संबंधी सहित अन्य कार्य पर भी जरा भी ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। आज ऐसा ही एक मामला देखने को मिला जहाँ एक बीएलओ की मां ने स्वयं की तबीयत खराब होने पर अपने पुत्र के कार्य की समस्या को देखते हुए अपनी बीमारी से कम अवगत कराया।
वर्तमान में स्थिति और भी ज्यादा खराब हो रही है एसआईआर रिपोर्ट की सतत मॉनिटरिंग, हर घंटे जवाब से भी बीएलओ परेशान हैं। इसी के चलते रविवार को एक शिक्षक की 62 वर्षीय बीमार मां का उनका पुत्र समय पर मां का उपचार नहीं कर पाने के चलते अपनी मां को बचाने में असमर्थ रहा। बीएलओ कार्य में संलग्न एक शिक्षक की मां के निधन पर शिक्षा जगत में भी शोक व्याप्त है। परशुराम भवन डूंडासिवनी निवासी शिक्षक विष्णु सोनी माध्यमिक शिक्षक जो जीएमएस इंग्लिश मीडियम भैरोगंज सिवनी में पदस्थ है व उनकी पत्नी श्रीमती प्रीति सोनी उच्च माध्यमिक शिक्षक जीएचएसएस बंडोल में है। शिक्षक की माँ श्रीमती संपत सोनी की तबियत खराब होने के कारण भी उन्होंने किसी को नही बताया और उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई। विष्णु सोनी बीएलओ कार्य में संलग्न थे अतः देर रात तक जब वह कार्य करके घर पहुंचे तो माता जी का स्वास्थ्य अत्यंत खराब हो गया था। सिवनी में उपलब्ध चिकित्सा से लाभ न मिलने की स्थिति में नागपुर रेफर किया गया। जहां उन्हें उपचार के लिए नागपुर ले जाते समय बीच रास्ते में ही माँ की मृत्यु हो गई। परिजनों ने बताया कि अंतिम संस्कार सोमवार को सुबह डूंडासिवनी क्षेत्र स्थित मोक्षधाम में किया जाएगा।

# जिले में गीता महोत्सव का श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक हुआ आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर सोमवार 01 दिसम्बर को सिवनी जिले में गीता महोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक किया गया। जिला मुख्यालय स्थित मिशन स्कूल मैदान में आयोजित जिलास्तरीय भव्य कार्यक्रम में विश्वगीता प्रतिष्ठानम् के आचार्यों की सन्निधि में बड़ी संख्या में उपस्थित गीताभक्तों ने श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक सस्वर #गीता_पाठ किया, जिससे सम्पूर्ण परिसर में आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त हो गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोड़िया, पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, पूर्व विधायक श्री नरेश दिवाकर, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार मेहता, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।
पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता जीवन का महान मार्गदर्शक ग्रंथ है, जो कर्तव्य, धैर्य और नैतिकता का मार्ग दिखाते हुए प्रत्येक परिस्थिति में सही निर्णय लेने की प्रेरणा देता है।
कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने भारतीय संस्कृति को विश्व की प्राचीनतम एवं गौरवशाली संस्कृति बताते हुए कहा कि आधुनिकता को अपनाते हुए भी हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि




श्रीमद्भागवद्गीता समानता, सहयोग और सामूहिक प्रगति का संदेश देकर समाज में एकता और संतुलन स्थापित करती है।
पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता ने गीता के अध्यायों का सार सरल और रोचक शैली में प्रस्तुत कर बच्चों एवं युवाओं को प्रेरित किया कि वे गीता के उपदेशों को अपने जीवन में आत्मसात कर लक्ष्य की प्राप्ति हेतु दृढ़ संकल्पित रहें।
कार्यक्रम के अंत में गीता आरती का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने सहभागी होकर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति प्राप्त की।

## छपारा में हर्षोल्लास से मनाई गीता जयंती



छपारा। 1 दिसंबर 2025 को गीता जयंती के अवसर पर विश्व कल्याण एवं सांस्कृतिक मूल्यों के पुनः उत्थान की कामना से सुसज्जित अंतरराष्ट्रीय भागवत गीता महोत्सव देश के प्रत्येक विकासखण्ड में समारोह की देशव्यापी श्रृंखला अंतर्गत संदीपानी विद्यालय छपारा में विकासखंड स्तरीय आयोजन भव्यतापूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम पूर्व निर्धारित एवं निर्देशित निश्चित दिशा निर्देशों के अनुरूप प्रातः 9.45 से 12.30 तक के कालखंड में सानंद एवं हर्षोल्लास से आयोजित एवं संपन्न हुआ।कार्यक्रम में अतिथि आगमन, स्वागत, सरस्वती पूजन, गीता पूजन, प्रेरणा गीत, शंखनाद, से प्रारंभ होकर सभी उपस्थितों द्वारा भागवत गीता के 15 वें अध्याय के श्लोकों के सामूहिक स्वर पाठ, उपस्थित अतिथियों के प्रेरणादायी उद्बोधनों पश्चात आरती, पुष्पांजलि, विश्व कल्याण के वैदिक मंत्रोच्चार एवं शंखनाद के साथ अंत में प्रसाद वितरण के अविरल क्रम में समाप्त हुआ। कार्यक्रम समाप्ति पर दूसरी कक्षा में पढने वाली 7 वर्ष की नन्ही बालिका प्रांजल ने गीता के पंद्रहवें अध्याय के सभी श्लोकों का कंठस्थ पाठ प्रस्तुत कर सभी को अभिभूत किया। कार्यक्रम में नगर के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्रायें, शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए, वहीं नगर के सभी प्रमुख जन प्रतिनिधि, अधिकारी, तथा गणमान्य नागरिकों की पूर्णकालिक उपस्थिति प्रशंसनीय रही।

## गीता जयंती पर भव्य समारोह का आयोजन



सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज सिवनी में भारतीय आध्यातम, दर्शन के आधार ग्रंथ गीता एवं मोक्षदा एकादशी के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि, विद्या भारती जिला सिवनी के जिला सचिव विनीत अग्रवाल रहे। विद्यालय प्राचार्य ओमप्रकाश यादव भी इस अवसर पर मंचासीन रहे।आयोजन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं दीप वंदना के साथ हुआ। 16 कलाओं से युक्त भगवान श्री हरि के अवतार हम सब सनातनी हिंदुओं के आराध्य प्रभु श्री कृष्ण के तेल चित्र दीप प्रज्वलन कर मुख्य अतिथि विनीत अग्रवाल ने आयोजन का शुभारंभ किया। तत्पश्चात गीता के 15 वें अध्याय का सस्वर वाचन समस्त भैया बहनों द्वारा संगीत प्रस्तुति के साथ किया गया। विद्यालय की विज्ञान विषयाचार्य श्रीमती ज्योति पटेल एवं श्री राकेश वैश द्वारा इस अवसर पर गीता के महत्व एवं उपादेयता पर अपने विचार व्यक्त किये गए। भैया बहनों से गीता के संबंध में प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। तत्काल प्रश्नों के उत्तर देने वाले भैया बहनों को पुरस्कृत भी किया गया। आयोजन का संचालन श्रीमती मनीषा तिवारी ,अतिथि परिचय श्री प्रकाश गुप्ता एवं अतिथि सम्मान श्री कृष्ण मुरारी दुबे द्वारा किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ आयोजन का गरिमामय समापन हुआ।

## लखनादौन श्री राम मंदिर में धूमधाम से मनाया गया गीता जयंती



आज श्री राम मंदिर, लखनादौन में गीता जयंती का पावन पर्व बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ज्योतिषियों, कर्मकांडियों और विद्वान पंडितों को पंचांग वितरित किए गए। मंदिर के संचालक अजय शुक्ला, अध्यक्ष आनंद तिवारी एवं सभी सम्मानित सदस्यों ने पंडितजनों का आदरपूर्वक सम्मान किया और अपनी सामर्थ्य अनुसार दक्षिणा भेंट की।

# बंजारी घाटी में प्लास्टिक दाने की बोरियां से भरा हुआ ट्रक पलटा



### ड्राइवर को नींद के झौंके में सड़क से उतरकर पलटा ट्रक

**छपारा** – बगैर रुके लंबी दूरी तय करने के चक्कर में थकावट और नींद के झौंके में सड़क हादसे हो जाते हैं ऐसा ही गत रविवार रात्रि लगभग डेढ़ बजे उत्तरप्रदेश से महाराष्ट्र राज्य जा रहा एक ट्रक नगर से लगभग 8 किलोमीटर दूर एनएच 44 फोरलेन सड़क के बंजारी घाटी में हादसे का शिकार हुआ गनिमत रही की ट्रक पटरी उतरकर पलटा गया और ट्रक में सवार ड्राइवर और क्लीनर दोनों को कोई गंभीर चोट नहीं आई वहीं दूसरे दिन सोमवार सुबह 1 दिसम्बर को ट्रक में लोड प्लास्टिक दाने से भरी हुई बोरियां को निकाला गया।
मिली जानकारी के अनुसार गणेशगंज से छपारा के बीच बंजारी घाट पर मौके पर मौजूद दुर्घटना ग्रस्त ट्रक ड्राइवर ने बताया कि वह पाता क्षेत्र कानपुर उत्तरप्रदेश से महाराष्ट्र राज्य के नागपुर के लिए प्लास्टिक कैरी बैग बनाए जाने के उपयोग में लाया जाने वाला दाने से भरी बोरियां लोड कर ट्रक क्रमांक UP-71-AT- 0719 में लेकर जा रहे थे और क्षेत्र के बंजारी घाट चढ़ते हुए ट्रक ड्राइवर को नींद के झौंके आने से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पहुंच कर ट्रक पलट गया। सौभाग्यवश बंजारी घाटी की सड़क किनारे गहरी जगह नहीं होने से बडा हादसा टल गया और ट्रक सहित कोई जनहानि नहीं हुई।

## एआरटी सेंटर में वल्ड एड्स डे का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** एआरटी सेंटर सिवनी में वल्ड एड्स डे के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, परामर्शदाताओं, नर्सिंग स्टाफ, समग्र विहान टीम एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी) एवं डॉ.विनोद कुमार नावकर (सिविल सर्जन) का स्वागत एआरटी सेंटर के डेटा मैनेजर अवनेश ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान नर्सिंग छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें एचआईवी/एड्स से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने, जांच, उपचार और सुरक्षित व्यवहार के महत्व पर संदेश दिया गया। वहीं स्कूली बच्चों ने पेंटिंग बनाकर जागरूकता का संदेश चित्रों के माध्यम से व्यक्त किया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने अपने संदेश में कहा कि वल्ड एड्स डे का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना ही नहीं, बल्कि समाज में मौजूद गलत धारणाओं को दूर करना भी है।

# आईएएस डॉ श्याम सिंह कुमरे को राज्यपाल ने चेयरमैन पद की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

राजभवन स्थित सांदीपनि हाल में आयोजित समारोह में मध्यप्रदेश के राज्यपाल एवं मप्र रेडक्रॉस के अध्यक्ष मंगुभाई पटेल ने भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, मध्यप्रदेश राज्य शाखा के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ. श्याम सिंह कुमरे (जिला सिवनी) को चेयरमैन, मनीष रावल (जिला रतलाम) को वाइस चेयरमैन तथा दिपेश मेहता (जिला बैतूल) को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों को संभागवार प्रबंध



समिति के सदस्य के रूप में भी शपथ ग्रहण कराई गई।
समारोह में राज्यपाल ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शुभकामनाएँ दीं।
शपथ ग्रहण उपरांत राज्यपाल पटेल ने संबोधित करते हुए रेडक्रॉस द्वारा पिछले तीन वर्षों में किए गए जनहितैषी कार्यों रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर, क्षय रोग निःक्षय मित्र अभियान, सिकल सेल जागरूकता, यूथ रेडक्रॉस, प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण तथा आपदा प्रबंधन गतिविधियों की सराहना की।
उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री की प्रेरणा से शुरू प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र योजना के अंतर्गत मप्र में रेडक्रॉस द्वारा 50 जिला शाखाओं एवं आदिवासी विकास क्षेत्रों में जन औषधि केन्द्र खोले जाना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे जरूरतमंद लोगों को कम दरों पर दवाइयाँ उपलब्ध कराई जा रही हैं।
कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों के रेडक्रॉस चेयरमैन, सचिव, गणमान्य नागरिक एवं अतिथि उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जिला कलेक्टर भोपाल द्वारा प्रमाण--पत्र प्रदान किए गए।
अंत में जनरल सेक्रेटरी रामेन्द्र सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए नव-नियुक्त पदाधिकारियों एवं जिला प्रतिनिधियों को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

# जादू नहीं विज्ञान समझना आसान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



छपारा:- सोमवार एक दिसम्बर को नगर के शासकीय संदीपनी विद्यालय में विकास खंड स्तरीय जादू नही विज्ञान है समझना आसान है प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छपारा विकासखंड के शासकीय कन्या उ.मा.वि.छपारा,शासकीय उ.मा.वि चमारी खुर्द, शासकीय हाईस्कूल जोगीवाड़ा, सहित शासकीय संदीपनी विद्यालय छपारा, शासकीय पी एम श्री नवीन हाई स्कूल छपारा के बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया प्रतियोगिता का शुभारंभ संदीपनी विद्यालय के प्राचार्य एम के रहमतकर के द्वारा सरस्वती पूजन कर किया गया. संदीपनी विद्यालय के प्रभारी शिक्षक अनिल इनवाती एवम राहुल साहू का इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग एवम एस पी पंचेश्वर के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता का आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में छात्रों ने समाज मे फैले अंधविश्वास को दूर करने के लिए विज्ञान के अनेक प्रयोगों को बहुत ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया.जिसमे छात्रों ने नारियल में पानी डालने पर आग उत्पन्न होना,नीबू काटने पर खून निकलना,भूत के द्वारा भोजन ग्रहण करना, बेदी में बिन माचिस के आग लगाना. कोरे कागज पर पानी छिडकने से नीले एवम लाल अक्षर का उभर आना. जैसे अनेक चमत्कार सभी को दिखाकर उसके पीछे छुपा विज्ञान के बारे में समझाया गया।इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान संदीपनी विद्यालय छपारा ने प्राप्त किया,द्वितीय स्थान चमारी खुर्द एवम तृतीय स्थान पी एम श्री नवीन हाई स्कूल छपारा ने प्राप्त किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में संदीपनी विद्यालय छपारा के सभी शिक्षक शिक्षिकाओ एवम अन्य शाला से आए मार्गदर्शी शिक्षकों का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।

# बसपा द्वारा आयोजित फुले मेला संपन्न

## फुले दंपत्ति के कारण सर्व समाज की महिलाओं को मिला शिक्षा अधिकार एवं सती प्रथा से निजात- बंदेवार

बहुजन समाज पार्टी विधानसभा इकाई बरघाट द्वारा 30 नवंबर 2025 को सजनवाड़ा में सामाजिक शिक्षा एवं क्रांति के जनक महात्मा फुले के पुण्यतिथि पखवाड़ा के अवसर पर मेला एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन किया जिसे संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उमाकांत बंदेवार जॉन प्रभारी बसपा बालाघाट ने उपस्थित भारी जन समूह को बताया कि भारत देश में सर्व समाज की महिलाओं एवं शूद्र वर्ग अर्थात अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के लिए पहला स्कूल 1848 को बुधवार पेठ पूना में खोला गया एवं उसके आस



पास फुले दंपत्ति द्वारा 18 स्कूल खोला गया जिसके कारण उन्हें 1888 में महात्मा की उपाधि दी गई एवं हंटर कमीशन को फुले ने एक मेमोरेंडम सौंपकर छः से चौदह वर्ष के बालिकाओं को फ्री एवं अनिवार्य शिक्षा की मांग की थी जिसे बाबा साहब डॉ अम्बेडर द्वारा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 आ में अधिकार दिया फुले ने सती प्रथा का विरोध किया एवं सत्य शोधक समाज संगठन की स्थापना किया एवं समाज को सत्य के राह पर चलना सिखाया विधवा विवाह की शुरुआत की अनाथालय खोला किसानों के हित की लड़ाई अंग्रेज सरकार से लड़ी एवं किसान का कोड़ा नामक किताब लिखी आगे बंदेवार ने लोगों से कहा प्रदेश एवं में बसपा की सरकार बनाकर फुले दंपत्ति के सपनों को साकार किया करना है संगोष्ठी को ज्ञानेश्वर गजभिए जॉन प्रभारी बालाघाट, उदयसिंह पंचेश्वर वरिष्ठ बसपा नेता दुर्गेश बिसेन जिला प्रभारी बालाघाट, डी एल बकौड़े, तामसिंह परते जिला प्रभारी सिवनी, लालसिंह नंदौरे जीला अध्यक्ष एड सतीश यादव , मुन्ना चौधरी,रामभुवन डहेरिया ,सुखचंद बोपचे, चंद्रशेखर गौतम चंद्रकला मरार , सुभाष चौधरी, रवि मेश्राम भी संबोधित किया,सराहनीय योगदान रामप्रसाद बारमाते, विपतराम डांडरे , अशोक गढ़वाल, चमन लाल हरदे, मानसिंह बाहेस्वर, शंकर बाहेस्वर,अनिल आचरे रामचरण पंचेश्वर आदि लोगों का रहा।

### ड्यूटी खत्म बताकर ऑपरेशन रोका

## गर्भवती के बच्चे की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिला अस्पताल में डिलीवरी के दौरान बच्चे की मौत हो गई। परिजन का आरोप है कि मौके पर मौजूद लेडी डॉक्टर ने ड्यूटी खत्म होने की बात कहते हुए ऑपरेशन से इनकार कर दिया। दूसरी डॉक्टर के आने तक हालात बिगड़ गए और बच्चे की जान चली गई।

आशा कार्यकर्ता ने कहा- ऑपरेशन के लिए कहने पर ड्यूटी डॉक्टर ने अभद्र व्यवहार किया। सीएमएचओ ने घटना की जांच कराने की बात कही है।

मामला सोमवार का है। यहां वारासिवनी निवासी झरना डहरवाल प्रसूति के लिए पहुंची थी।

झरना की मौसी सास गीता डहरवाल ने कहा- बहू को सोमवार तड़के 4-5 बजे के बीच प्रसव पीड़ा उठी। ब्लीडिंग होने लगी तो उसे जिला अस्पताल लाए। आशा कार्यकर्ता अनिता जामुनपाने भी साथ में थीं।

अस्पताल पहुंचकर हमने तुरंत ऑपरेशन करने की बात कही। मौके पर मौजूद डॉ. रश्मि बाघमारे ने अपनी ड्यूटी खत्म होने का हवाला देते हुए झरना को ऑपरेशन थिएटर से लौटा दिया।

कुछ देर बाद दूसरी डॉक्टर आईं। उन्होंने ऑपरेशन किया, तब तक शिशु की गर्भ में ही मौत हो चुकी थी।

आशा कार्यकर्ता अनिता जामुनपाने ने कहा- डॉ. रश्मि बाघमारे को हमने ऑपरेशन करने के लिए कहा तो उन्होंने ड्यूटी खत्म होने की बात कही। मैंने उनसे कहा कि झरना की हालत खराब है तो वे बदतमीजी करने लगीं। मैंने सीएमएमचओ डॉ. परेश उपलप को मामले की जानकारी दी है।

उधर, डॉ. रश्मि बाघमारे ने परिजन के आरोपों को झूठा बताया है। उन्होंने कहा- जब महिला को लाया गया था, उस समय जांच में बच्चे की धड़कन बंद हो गई थी। ब्लीडिंग के कारण उसका त्वरित





ऑपरेशन संभव नहीं था, ताकि भविष्य में महिला की डिलीवरी पर कोई समस्या न आए। इसके बाद परिजनों से ब्लड की व्यवस्था करवाई गई।

मेरी ड्यूटी 8 बजे तक थी, लेकिन इसके बावजूद मैं 10 बजे तक अस्पताल में रही। इसी बीच, एक अन्य सीज़ेरियन ऑपरेशन में मेरी व्यस्तता के कारण महिला का ऑपरेशन सुबह की शिफ्ट में आई डॉ. श्रद्धा बारमाटे द्वारा किया गया और मृत बच्चे को गर्भ से बाहर निकाला गया।

मामले में सीएचएमओ डॉ. परेश उपलप ने कहा कि वे इस समय शहर से बाहर हैं और लौटकर मामले की जांच कराएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि जब महिला को अस्पताल लाया गया था, तब तक गर्भ में शिशु की मौत हो चुकी थी।

## विधायक मधु भगत ने पहले ही दिन शिक्षा व पंचायत विभाग के मुद्दों पर दिखाई सक्रियता

हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।

मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के प्रथम दिन परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भाऊ भगत अपने सक्रिय और मुद्दा आधारित तेवर के साथ सदन में नज़र आए। उन्होंने शिक्षा एवं पंचायत विभाग से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्न उठाते हुए जवाब जानने की मांग की।विधायक भगत ने प्रश्न क्रमांक 499 के अंतर्गत उच्च शिक्षा मंत्री से वर्ष 2022, 2023 एवं 2024 में जबलपुर संभाग के सभी महाविद्यालयों में सैडमैप के माध्यम से किए जा रहे आउटसोर्सिंग कार्यों की जांच पर प्रश्न किया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पूर्व में असत्य एवं भ्रामक जानकारी उपलब्ध कराई गई थी, जिसमें मांगे अनुसार तथ्य शामिल नहीं थे। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या अब तक जांच प्रतिवेदन प्रश्नकर्ता को उपलब्ध कराया गया है? और यदि संचालनालय स्तर पर जांच की कार्यवाही की गई है तो समस्त जांच प्रतिवेदन की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराई जाए।इस पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने उत्तर दिया कि जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद गुण-दोष के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।इसी प्रकार विधायक भगत ने तारांकित प्रश्न क्रमांक 322 के माध्यम से 28.07.2025 को जनपद पंचायत बालाघाट में निर्माण कार्यों में अनियमितता संबंधी शिकायतों पर सवाल उठाया। उन्होंने यह जानना चाहा कि पिछले 18 महीनों में जनपद स्तर, जिला स्तर एवं राज्य स्तर पर की गई शिकायतों पर क्या कार्रवाई हुई है?इस पर पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बताया कि विगत 18 महीनों में केवल एक बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य से संबंधित अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसकी जिला स्तरीय संयुक्त टीम से जांच कराई गई। जांच प्रतिवेदन में आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। मंत्री ने यह भी कहा कि निकटतम पंचायतों को एजेंसी बनाकर निर्माण कार्य करने के आदेश नहीं हैं। जिले में विगत दो वर्षों में 52 निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं तथा सड़क निर्माण एवं मनरेगा कार्यों की विस्तृत जानकारी पुस्तकालय में उपलब्ध है। मनरेगा के तहत स्वीकृति के बाद ही कार्य प्रारंभ होते हैं तथा भुगतान नियमों के अनुसार राज्य स्तरीय नोडल खाते से किया जाता है।सदन में प्रश्नों के माध्यम से अपने क्षेत्र से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने के बाद विधायक मधु भगत छिंदवाड़ा में कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के मामले पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के नेतृत्व में आयोजित विरोध प्रदर्शन में भी शामिल हुए।शीतकालीन सत्र के पहले ही दिन विधायक भगत की सक्रियता ने स्पष्ट कर दिया कि वे क्षेत्र तथा जनता के हितों को लेकर पूरी मजबूती से अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे।





## महर्षि विद्या मंदिर में उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई गीता जयंती

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में उत्साहपूर्वक गीता जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भगवद गीता के उपदेशों से परिचित कराना और उनमें नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों का विकास करना था।कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया,सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी एवं शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं गुरुपूजन से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने भगवद गीता के चुनिंदा श्लोकों का सामूहिक वाचन किया, जिसकी गूंज से वातावरण आध्यात्मिकता से भर गया।गीता जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में, जो कुरुक्षेत्र के युद्धभूमि पर भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए दिव्य उपदेश की स्मृति में मनाया जाता है, सामूहिक गीता पाठ तथा भारतीय दर्शन पर आधारित एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान शामिल थे।विद्यालय के हिंदी शिक्षक श्री वासुदेव भूते एवं संस्कृत शिक्षिका ज्ञानेश्वरी पटले ने उपस्थित विद्यार्थियों को भगवद गीता के मूल सिद्धांतों को बताया,जिसमें कर्तव्य, साहस और सत्य की राह पर चलने जैसे महत्वपूर्ण संदेशों को उजागर किया गया।प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया ने अपने संबोधन में कहा कि भगवद गीता सिर्फ एक धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाली अमूल्य धरोहर है। उन्होंने विद्यार्थियों को गीता के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।आज के दिन विद्यालय की प्रातः कालीन सभा पूर्णतःगीता जयंती को समर्पित रही। जहां छात्र समर्थ तिवारी ने एक सुमधुर गीत एवं छात्राओं के समूह ने गीता के पंद्रहवें अध्याय का वाचन किया।कार्यक्रम का संचालन कक्षा आठवीं की छात्रा वेदिका चक्रवर्ती के द्वारा किया गया।जिसमें नारायण सदन के सदस्य वरिष्ठ शिक्षक श्री वासुदेव भूते,श्रीमती ज्ञानेश्वरी पटले,श्रीमती विजया गांगुली,सुदीप दासगुप्ता , आर पी दास एवं अन्य सभी का अमूल्य योगदान रहा।गीता जयंती का यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक साबित हुआ।





## टीएल बैठक में की गई समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 01 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ ने विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जी एस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, एसडीएम श्री गोपाल सोनी एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।



बैठक में सर्वप्रथम सीएम हेल्पलाईन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों का तत्परता के साथ निराकरण करें। अधिकारी शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर उसका संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। सभी विभागो को सीएम हेल्पलाईन की ग्रेडिंग में अग्रणी स्थान पर रहना है। बैठक में वृंदावन ग्राम योजना के अंतर्गत चयनित ग्रामों के विकास के लिए अन्य विभागों को कार्य योजना बनाकर शीघ्रता से प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए।

बैठक में प्रसूति सहायता योजना एवं आहार अनुदान योजना का लाभ हितग्राहियों को तत्परता के साथ दिलाने के निर्देश दिये गए और कहा गया कि कोई भी पात्र हितग्राही इसके लाभ से वंचित नही रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्र में अत्यधिक आवश्यकता वाली 10 सड़को का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सातनारी जलाशय के कार्य में प्रगति लाए और नहरों की साफ-सफाई का कार्य तत्परता के साथ पूर्ण करें। इस दौरान बताया गया कि सातनारी जलाशय का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है और नहरों की सफाई का कार्य भी किया जा रहा है।

## मप्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र मात्र 5 दिन का करना दुर्भाग्यपूर्ण – विधायक मधु भाऊ भगत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक मधु भाऊ भगत ने कहा है कि मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र को केवल पाँच दिनों तक सीमित रखना पूरी तरह अन्यायपूर्ण और दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय है। यह कदम न केवल लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है बल्कि जनता के प्रतिनिधियों की आवाज़ को दबाने का प्रयास भी प्रतीत होता है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंच है, जहां चुने हुए जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं, जनता की उम्मीदों और आवश्यक मुद्दों को मजबूती से रखते हैं। यदि सत्र की अवधि इतनी कम कर दी जाएगी तो विधायकों को उन समस्याओं को उठाने के लिए पर्याप्त समय ही नहीं मिल पाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जानबूझकर सदन की कार्यवाही सीमित कर रही है ताकि विपक्ष जनता की आवाज़ को प्रभावी ढंग से न उठा सके।



मधु भाऊ भगत ने कहा कि आज प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई, स्वास्थ्य सेवाओं की अव्यवस्था, किसानों की समस्याएं और आदिवासी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव जैसे कई गंभीर मुद्दे मौजूद हैं। इन सब पर चर्चा होना बेहद आवश्यक है, लेकिन सत्र को संक्षिप्त कर सरकार इन विषयों से बचने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र में बहुमत का मतलब यह नहीं कि विपक्ष और जनता के सवालों को अनसुना कर दिया जाए। सदन जनता का है और उसकी आवाज़ को सुनना सरकार की जिम्मेदारी है। विपक्ष इन मुद्दों को पुरजोर तरीके से सदन के अंदर और बाहर दोनों जगह उठाता रहेगा।

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू, किसान नहीं पहुंचे अधिकांश केंद्रों पर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई है। जिले में इस वर्ष 185 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं, जहां 130038 किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीकरण कराया है। हालांकि, पहले दिन अधिकांश केंद्रों पर किसान धान बेचने नहीं पहुंचे, जिससे खरीदी केंद्रों पर सन्नाटा पसरा रहा। कई किसान स्लॉट बुक कराने पहुंचे थे, लेकिन उन्हें सर्वर संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

लामटा साख समिति में नौ किसानों ने स्लॉट बुक किए थे, लेकिन दो किसान धान बेचने पहुंचे तो तकनीकी खराबी के कारण खरीदी नहीं हो सकी। इसी तरह चरेगांव, टाकाबर्रा, घुनाड़ी, चांगोटोला, गुडरू और मोहगांव स्थित धान खरीदी केंद्रों में भी सॉफ्टवेयर बंद होने से खरीदी बाधित रही।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने सॉफ्टवेयर की समस्या से इनकार किया है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुनील किरार ने बताया है कि पहले दिन 12 उपार्जन केंद्रों में 36 किसानों से कुल 1173 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। दूसरी ओर, ग्राम पंचायत सालेटेकरी और आसपास के ग्रामीणों ने बहेराभाटा में संचालित हो रही धान खरीदी पर गंभीर आपत्ति जताई है।

किसानों ने इसे कलेक्टर के आदेशों का खुला उल्लंघन बताया है। कृषकों का आरोप है कि शासन की बिना अनुमति बहेराभाटा में धान खरीदी शुरू कर दी गई है। जबकि कलेक्टर, खाद्य शाखा ने 27 नवंबर को जारी आदेश में स्पष्ट रूप से सेवा सहकारी समिति मर्यादित सालेटेकरी (केंद्र क्रमांक 01) को ही अधिकृत खरीदी केंद्र घोषित किया था।



ग्रामीणों का कहना है कि बहेराभाटा में बिना अनुमति केंद्र संचालित कर धान खरीदी की जा रही है, जिससे नियमों का उल्लंघन हो रहा है। किसानों ने कुछ राजनीतिक तत्वों की मिलीभगत से निजी लाभ उठाने की आशंका भी जताई है।

ग्रामीणों ने बताया कि 25 अगस्त को सालेटेकरी, रघोली, लालपुर और मछुरदा पंचायतों के कृषकों ने इसी विषय पर शिकायत की थी। हालांकि, अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्हें पुनः आवेदन देना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि यदि नियम विरुद्ध चल रही यह प्रक्रिया नहीं रोकी गई तो वे सामूहिक रूप से माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में रिट याचिका दायर करेंगे।

## गीता जयंती का सांदीपनि विद्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

01 दिसम्बर को गीता जयंती के अवसर पर सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें श्रीमद भागवत गीता के 15वें अध्याय का पाठन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र छात्राएँ भी शामिल हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, एसडीएम गोपाल सोनी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर, उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश रंगलानी, शिक्षाविद श्रीमती लता ऐलकर, वैभव कश्यप, नगर पालिका के पार्षद एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम में श्रीमद भागवत गीता के 15वें अध्याय का पाठन पंडित जयराम पांडे, शारदा प्रसाद पांडे, श्री अंकित पांडे एवं श्री अशोक सागर मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर ने कहा कि यह गीता जो हम सबके हृदय में विराजमान है, उसके एक-एक शब्द भगवान श्री कृष्ण के मुंह से निकले है और गीता में समाहित है। उन्होंने कहा कि आज का दिन हमारे लिएपुण्य का दिन है। अच्छी सोच के साथ हमेशा काम करें जीवन में आगे बढ़े। उन्होने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता के प्रचार प्रसार में हम छात्र छात्राओ को जोड़े और स्कूल में प्रतिदिन पांच पांच श्लोक का शिक्षक अध्यापन कराऍं । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गीता के संदेश को पहुंचाने के लिए सराहनीय प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक नगरीय निकाय में गीता भवन की स्थापना की जा रही है, इससे श्रीमद्भागवत गीता का संदेश जन मानस तक पहुंचेगा।




जिला संघ चालक श्री वैभव कश्यप ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि श्रीमद्भागवत गीता में लिखे शब्द कोई साधारण वाणी नही है यह भगवान श्री कृष्ण जी की वाणी है । श्रीमद्भागवत गीता को हमे समझनी होगी गीता साधारण नहीं है। गीता सोई हुई आत्म को जागृत करने का कार्य करती है। गीता में कर्म का अर्थ केवल कार्य करना ही नही बल्कि इसे किसी फल की आशा के बिना निष्काम भाव से कार्य करने की प्रेरणा देती है। हर व्यक्ति जीवन में अपने कर्म में बंधा हुआ है, गीता हमे अपने कर्तव्य का पालन करने का बोध कराती है।

कार्यक्रम में ओजस विद्यालय की छात्रा वर्तिका दुबे ने श्रीमद्भागवत पांच श्लोक का पाठन किया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर ने सभी जनप्रतिनिधि अधिकारियों को गीता की प्रति भेट की। इस अवसर पर नगरपालिका मुख्यग कार्यपालन अधिकारी श्रीबी.डी.कतरोलिया, आयोजन के संयोजक श्री रत्नेश शिवहरे, गुरुदत्त तुरकर, अमर सिंह ठाकुर, मोहन आचार्य, सांदिपनी विद्यालय के प्राचार्य डॉ. युवराज रहांगडाले, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य शरद ज्योतिषी, एम.एम.सिंह, समाजसेवी राकेश सेवाइवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री अजय बैंस और आभार प्रदर्शन संयोजक रत्नेश शिवहरे द्वारा किया गया।

### कोचेवाही के युवाओं ने बैंक मैनेजर की पुलिस थाने में की लिखित शिकायत

## बैंक मैनेजर की वादाखिलाफी से युवा परेशान

### क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन की इनामी राशि व खर्चे देने का वादा कर मुकर गए मैनेजर

**अंतिम चरण में आकर सेमीफाईनल व फाईनल मैच लटका**

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कोचेवाही में स्थित भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक द्वारा बैंक के नाम से क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित कराने और उसके बाद प्रतियोगिता के अंतिम चरण में विजेताओं को राशि प्रदान नहीं करने से नाराज युवाओं ने पुलिस थाना वारासिवनी में एक लिखित शिकायत कर शाखा प्रबंधक पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया हैं।

ग्राम पंचायत कोचेवाही के युवाओं ने लिखित शिकायत में आरोप लगाया हैं कि भारतीय स्टेट बैंक कोचेवाही के मैनेजर इन्द्र कुमार नाग ने ग्राम के युवाओं को बैंक में बुलवा कर बैंक की ओर से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करने के लिए कहा और प्रवेश शुल्क से आने वाली राशि के अतिरिक्त लगने वाली सभी राशि बैंक की ओर से देने का वादा किया।

इस प्रतियोगिता के लिए भारतीय स्टेट बैंक कोचेवाही की ओर से एसबीआई केसीसी कप कोचेवाही टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता कोचेवाही के नाम से पम्पलेट भी छपवाये गए। जिसमें स्पष्ट रुप से लिखा गया था कि प्रतियोगिता भारतीय स्टेट बैंक की ओर से 16 नवम्बर 25 से प्रारंभ की जा रही है। जिसमें विजेता को 15001 रुपये व उपविजेता को 7001 रुपये पुरस्कार राशि दी जानी है। वहीं प्रवेश शुल्क 1000 रुपये रखा गया था। जिसके आधार पर कोचेवाही में क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ करवाई गई। जिसमें विभिन्न ग्रामों की 10 टीमों ने भाग लिया और सेमीफाईनल तक का सफर तय किया।

इस प्रतियोगिता के सेमीफाईनल व फाईनल मैच 29 नवम्बर को सुबह से होने थे। लेकिन उसके पहले ही बैंक के मैनेजर इन्द्र कुमार नाग ने पुरस्कार की राशि देने से मना कर दिया। जिससे प्रतियोगिता का आयोजन करने वाले युवा परेशानी में फॅस गए। एक ओर जो 4 टीमें सेमीफाईनल में पहुँची है, वह मैच करवाने के लिए युवाओं पर दबाव बना रही है, वहीं दूसरी ओर इनाम की राशि नहीं होने के कारण युवा मैच नहीं करवा पा रहे है। वहीं बैंक मैनेजर इन्द्र कुमार नाग इन युवाओं को धमका भी रहे है। जब युवकों ने मैनेजर श्री नाग से पुरस्कार राशि व अन्य खर्च की राशि की बात की, तो उन्होंने राशि देने से इंकार करते हुए उन्हें बैंक से भगा दिया।




बैंक मैनेजर इन्द्र कुमार नाग की इस वादा खिलाफी के कारण प्रतियोगिता का आयोजन करने वाले युवा परेशानी में फॅस गए है। उनके बाद प्रतियोगिता की विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान करने के लिए रकम नहीं है। जिसके कारण उनके द्वारा प्रतियोगिता के सेमीफाईनल व फाईनल मैच नहीं करवाये जा रहे है, वहीं दूसरी ओर सेमीफाईनल में पहुँची ग्राम रमरमा, तुमाड़ी, तिरोड़ी व बनियाटोला की टीमों के खिलाडियों द्वारा सेमीफाईनल व फाईनल मैच करवाने का दबाव बनाया जा रहा है। अब ग्राम के युवाओं ने पुलिस थाना वारासिवनी में शिकायत कर बैंक मैनेजर इन्द्र कुमार नाग द्वारा की गई वादा खिलाफी पर कार्यवाही की मॉग की है। लेकिन अभी तक पुलिस द्वारा भी कोई प्रयास इस समस्या को सुलझाने के लिए नहीं किए गए है।